January to March 2022

# Rajasthan Police Academy
## News Letter



**इस अंक में.....................**

- राजस्थान पुलिस अकादमी को मिला उत्तर भारत के श्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान का खिताब
- महिला सुरक्षा सखी योजना की मार्गदर्शिका व संदर्शिका का माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विमोचन
- भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का मिड कैरियर ट्रैनिंग प्रोग्राम (MCTP)
- गणतंत्र दिवस समारोह 2022
- बाल कल्याण अधिकारियों की एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला
- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम
- राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों का इण्डेक्शन कोर्स
- आबकारी निरीक्षकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण
- खेल सप्ताह का आयोजन



# निदेशक की कलम से...

राजस्थान पुलिस द्वारा समय समय पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाऐं लागू की गई है। इस प्रकार की योजनाएं महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने, उन्हे उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी है, साथ ही उनमें आत्मविश्वास का संचार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सुरक्षा सखी योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में राजस्थान पुलिस द्वारा लागू की गई एक अनूठी एवं सशक्त योजना है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, उनसे संबंधित कानूनों एंव पुलिस प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज के विभिन्न वर्गो की महिलाओं एवं बालिकाओं को अपराध पीड़िताओं एवं पुलिस के मध्य सेतु के रूप में सशक्त करना है। इस योजना हेतु प्रकाशित सुरक्षा सखी संदर्शिका राजस्थान पुलिस द्वारा महिलाओं को विधिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किया गया नवाचार है जिसके द्वारा निश्चित रूप से समाज में महिलओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी आयेगी एवं सुरक्षा सखियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास संभव हो सकेगा। इसी के साथ पुलिस अधिकारियों को महिलाओं के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करने तथा कानून की जानकारी अद्यतन करने के उद्देश्य से सुरक्षा सखी मार्गदर्शिका तैयार की गई है जिसका विमोचन माननीय मुख्य मंत्री राजस्थान, श्री अशोक गहलोत द्वारा किया गयां।

पुलिस विभाग के विभिन्न पदों के अनुरूप MCTP तथा इण्डेक्शन कोर्स आयोजित किये गए/साथ ही ट्रांसजेडर्स के अधिकारों एवं उनकी सुरक्षा हेतु संवेदनशीलता लाने के प्रयासों में पुलिस अधिकारियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

राजस्थान पुलिस अकादमी व यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अजमेर में अजमेर रेंज स्तरीय प्रशिक्षण "पॉक्सो अधिनियम और अन्य यौन अपराध से संबंधित मोबाइल फोरेंसिक प्रशिक्षण" पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को यौन अपराधों और पॉक्सो मामलों से संबंधित फोरेंसिक विज्ञान के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वाधान में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी महिलाओं एवं बालकों के सुरक्षा एवं संवेदनशीता हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

**राजीव शर्मा**
**निदेशक**

# राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्तर भारत में मिला श्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान का खिताब

78/60/2019/Trg(PP)/BPR&D
Government of India
Ministry of Home Affairs
Bureau of Police Research and Development

Date: January 14, 2022

**Subject: Union Home Minister's Trophy for Best Police Training Institutions in India for 2020-21-req.**

MHA vide ID No. 11019/06/2020-PMA dated 10 January, 2022, have conveyed their approval for awarding the Union Home Minister's Trophy for the Best Police Training Institution to the following Police Training Institutions of States/UTs/CAPFs/CPOs for the Year 2020-21, in the category as shown against each:

a. **Winner at National Level CAPFs/CPOs**
1. GOs Category - CISF, NISA, Hyderabad, Telangana
2. NGOs Category - NSG Training Centre, Manesar, Haryana
3. ORs Category - CRPF, RTC, Peringome, Kerala

b. **Winner at National Level States/UTs**
1. GOs Category - BPSPA, Bhubaneswar, Odisha
2. NGOs Category - MSPWTS, Pune, Maharashtra
3. ORs Category - Police Training College, Indore, MP

c. **Winner at Zonal Level**

| Zone | GOs Category | NGOs Category | ORs Category |
|---|---|---|---|
| Southern | Karnataka Police Academy, Mysore, Karnataka | Karnataka Police Academy, Mysore, Karnataka | Indian Reserve Battalion, Thrissur, Kerala |
| Central | Dr. BRA Police Academy, Moradabad, Uttar Pradesh | Armed Training Centre, Haridwar, Uttarakhand | Police Training School Rajnandgaon, Chhattisgarh |
| Western | Maharashtra Police Academy, Nashik, Maharashtra | – | – |
| Eastern | – | Bihar Police Academy, Rajgir, Bihar | Police Training School, Salua, Paschim Medinipur, West Bengal. |
| North | Haryana Police Academy, Madhuban, Karnal, Haryana. | Rajasthan Police Academy, Jaipur, Rajasthan. | Police Training School, Jodhpur, Rajasthan |
| North East | Police Training College, Dergaon, Assam. | Police Training School, Umran, Meghalaya. | APRO, Jalukbari, Assam |

2. It may be mentioned that the Training Institution winning at the National Level would be awarded a sum of ₹20 Lakh each, and those winning at the Zonal Levels, would receive a sum of ₹2 Lakh each. Additionally, the then Heads of the winning Training Institutions at the National Level would also be awarded the Union Home Minister's Disc, in accordance with the provisions of the SOP.

3. As the Director General of the BPR&D, it is my privilege to congratulate the winning Training Institutions and look forward to their continued contribution to improving the quality of training of Police Forces in the country.

(Balaji Srivastava)
DG, BPR&D

Copy for information and necessary action to:
I. DGs: CISF, CRPF and NSG
II. DGsP: Odisha, Maharashtra, Madhya Pradesh, Karnataka, Kerala, UP, Uttarakhand, Chhattisgarh, Bihar, West Bengal, Haryana, Rajasthan, Assam, Meghalaya.

राजस्थान पुलिस अकादमी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अराजपत्रित अधिकारियों की श्रेणी में उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित किया गया है। पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर राजस्थान को भी गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए कॉनिस्टेबल प्रशिक्षण की श्रेणी में उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ पुलिस प्रशिक्षण संस्थान घोषित किया गया है।

राजस्थान के दो प्रशिक्षण केन्द्रों का पूरे उत्तर भारत में सर्वश्रेष्ठ घोषित होना पूरी राजस्थान पुलिस के लिए गौरव का विषय है। इसके साथ ही वर्ष 2015–16 के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी के तत्कालीन निदेशक श्री बी.एल. सोनी (आई.पी.एस) व वर्ष 2016–17 के लिए निदेशक श्री राजीव दासोत (आई.पी.एस ) को गृहमंत्री श्री अमित शाह द्वारा कमेंडेशन सर्टिफिकेट और डिस्क से सम्मानित किया गया

# महिला सुरक्षा सखी योजना की मार्गदर्शिका व संदर्शिका का विमोचन





12 मार्च 2022 को श्रीमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर महिला सुरक्षा सखी योजना की मार्गदर्शिका, संदर्शिका का विमोचन व बैज का लोकार्पण किया गया। इस लोकार्पण कार्यक्रम में श्रीमति ममता भूपेश, मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री रमेश चन्द मीणा मंत्री ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, श्री राजेन्द्र यादव गृह (राज्य) मंत्री, मुख्य सचिव श्रीमति उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) श्री अभय कुमार, पुलिस महानिदेशक राजस्थान श्री एम.एल. लाठर, निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राईटस राजस्थान श्रीमति स्मिता श्रीवास्त्व शामिल हुये। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में जयपुर आयुक्तालय की सुरक्षा सखियों से तथा विभिन्न जिला मुख्यालयों पर ऑनलाईन जुडी हुई सुरक्षा सखियों से संवाद किया व उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने राजस्थान पुलिस द्वारा लागू की जा रही सुरक्षा सखी योजना को कम्यूनिटी पुलिसिंग का एक उत्कृष्ठ उदाहरण बताया तथा इस योजना के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाऐं प्रेषित की।



# समारोह पूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्थान पुलिस अकादमी में 73 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सम्पूर्ण परिसर की सजावट के साथ ही मुख्य भवनों, स्टेडियम एंव अकादमी के प्रवेश द्वार को विशेष रूप से सजाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अकादमी के प्रशासनिक भवन, हॉस्टल्स् एवं स्टेडियम में रोशनी की सजावट की गई।



गणतंत्र दिवस पर राजस्थान पुलिस अकादमी के स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा द्वारा झण्डा रोहण किया गया। समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं दी एवं भारतीय संविधान व आदर्श से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित व राष्टचरित्र को सर्वोपरी मानकर देश को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होकर काम करने के लिए कहा। श्रीमान ने बताया कि अकादमी पुलिस प्रशिक्षण के क्षेत्र में निरन्तर उत्कर्ष कार्य कर रही है। राजस्थान पुलिस अकादमी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए उत्तर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ट प्रशिक्षण संस्थान घोषित किये जाने पर सभी को बधाई दी तथा इस सम्मान को प्राप्त करने में योगदान देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं की तरह ही अकादमी के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को व्यावसायिक व व्यक्तिगत प्राथमिकताऐं निर्धारित करने की आवयकता पर बल दिया।



राजस्थान पुलिस द्वारा जारी पुलिस विजन–2022 के तहत अकादमी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों से अवगत करवाया तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा की। अकादमी के प्रत्येक सदस्य को आत्म मंथन करने तथा स्वयं व देश के विकास में बाधा बनने वाली चीजों को छोडने की सलाह दी। अकादमी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण संस्था की गुणवता में सुधार, रख रखाव , देखरेख,उन्नति के लिए संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोरोना महामारी व अन्य कठिन परिस्थितियों में अकादमी के सभी लोगों द्वारा पूर्ण लग्न व जोश से कार्य



करने पर बधाई दी। अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राजस्थान पुलिस में चयन होने पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्रीमान निदेशक महोदय ने अकादमी के अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रेष्ठ कार्य करने पर नकद पुस्कार व प्रशंसा पत्र प्रदान किये। श्री शेरसिंह हैड कॉनि. 215 ,श्री मनीष शर्मा हैड कॉनि. 13, श्री अशोक कुमार हैड कॉनि .21, श्री गजेन्द्र सिंह कॉनि. 154, श्री प्रकाश चन्द कॉनि. 106, श्रीमति अनोप कुमारी कॉनि. 178, श्री राजेन्द्र शर्मा वरिष्ठ सहायक, श्री तुलसी राम कनिष्ठ सहायक को प्रशंसा पत्र व नकद पुस्कार प्रदान किया गया।



# भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का मिड कैरियर ट्रैनिंग प्रोग्राम

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों कें 19 जी **Mid- Career training Programme ( MCTP Phase–III)** का आयोजन राजस्थान पुलिस आकदमी जयपुर के अभिज्ञान भवन में किया गया। दिनांक 7 फरवरी से 4 मार्च, 2022 तक ऑनलाईन मोड पर आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अन्तराष्ट्रीय एव राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों ने देशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा की। विशेष तौर पर देश की आन्तरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में पुलिस अधिकारियों की भूमिका एवं वर्तमान चुनौतियां, जेण्डर संवेदनशीलता आदि विषयों पर अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी अधिकारियों ने अलग अलग विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया।



| Name of Officer | Place of Posting |
|---|---|
| **Sh. Kaluram Rawat** | Deputy Inspector General of Police<br>Anti Corruption Bureau, Rajasthan, Jaipur |
| **Sh. Rajeev Pachar** | Superintendent of Police<br>Anti Corruption Bureau, Udaipur |
| **Sh. Gaurav Yadav** | Superintendent of Police S.O.G., Jaipur |
| **Sh. Rajkumar Gupta** | Superintendent of Police S.S.B., Jaipur |
| **Miss. Pooja Awana** | Superintendent of Police G.R.P., Ajmer |

# Road Safety Management Courses

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 22.3.2022 से 24.3.2022 तक **“Road Safety Management”** पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में उप अधीक्षक से सहायक उप निरीक्षक तक के कुल 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सरकार की सड़क सुरक्षा नीति ,सड़क सुरक्षा के लिए संस्थागत ढांचा, सड़क सुरक्षा यातायात इंजीनियरिंग, जीवन रक्षक तकनीक, अंतर एजेंसी समन्वय, व्यावहारिक घटक उपकरणों का प्रदर्शन और परिचय, सड़क यातायात संबंधी कानून, अधिनियम में नवीनतम संशोधन, सड़क सुरक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग, सड़क दुर्घटनाओं में सड़क सुरक्षा और वैज्ञानिक जांच में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया एंव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,यातायात श्री वी.के सिंह ने सडक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर अपना व्याख्यान देते हुए सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाने के प्रयासों पर बल दिया तथा पुलिस अधिकारियों को दूसरे विभागो से समन्वय स्थापित कर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने का आह्वान किया।






# बाल कल्याण अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला






दिनांक 24.2.2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी सभागार जयपुर में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यशाला के उद्‌घाटन समारोह में अध्यक्ष राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती संगीता बेनीवाल, महानिदेशक राजस्थान पुलिस श्री एम.एल. लाठर, निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सिविल राईटस, श्रीमती स्मिता श्रीवास्त्व, यूनिसेफ के स्टेट ऑफीसर श्री मन्ना विश्वास तथा आयोग के सभी सदस्य तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय कार्यशाला में उप निरीक्षक से हैड कॉनि. की रैंक के कुल 333 बाल कल्याण पुलिस अधिकारी शामिल हुये। इस एक दिवसीय कार्यशाला में बाल कल्याण अधिकारियों को बाल संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा एवं पुलिस की भूमिका, बाल संरक्षण में विभिन्न हितकारकों की भूमिका , पुलिस और अन्य हितकारकों के बीच समन्वय, किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015, पीडित प्रतिकर स्कीम 2018 के तहत पीडितों को मुआवजा दिलवाने में पुलिस की भूमिका और पीडितों की काउन्सलिंग आदि के बारे में बताया गया।

# One Day National Consultation on Successful Police Practices on Capacity Building Concerning Chidren Rights





दिनांक 30.01.2021 को राजस्थान पुलिस अकादमी ने यूनिसेफ के सहयोग से विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ एक दिवसीय ऑनलाईन परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस अधिकारियों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम को बढाने के लिए, सफल प्रथाओं को सीखने, एक साथ लाने और क्षमताओं को साझा करने के लिए विभिन्न राज्य पुलिस के साथ परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परामर्श कार्यक्रम में बच्चों के विरूद्व होने वाले अपराधों में बाल सुरक्षा और अनुसंधान पर सफल और प्रभावी पुलिस प्रशिक्षण विधियां और मॉड्‌यूल, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी पुलिसिंग प्रथाओं पर सफल हस्तक्षेप/अच्छे अभ्यास , भारत में बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा पुलिस प्रथाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

# आरपीएस अधिकारियों का इण्डेक्शन कोर्स



राजस्थान पुलिस अकादमी में पुलिस निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर से पुलिस उप अधीक्षक पद पर पदोन्नत हुए कुल 72 अधिकारियों का 6 सप्ताह के इण्डेक्शन कोर्स का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन समारोह में श्री राजीव शर्मा निदेशक आर.पी.ए, श्री सचिन मित्तल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण, राजस्थान एंव श्री कैलाशचन्द जाट अतिरिक्त निदेशक आर.पी.ए उपस्थित रहे। निदेशक श्री राजीव शर्मा ने इस अवसर पर नव पदोन्नत अधिकारियों को उनके नवीन पद के संबंध में आने वाली चुनौतियों, पर्यवेक्षण के संबंध में आने वाली कार्यवाही अधीनस्थों तथा उच्चाधिकारियों के मध्य समन्वय, अनुसंधान के नवीन आयामों आदि के बारे में जानकारी देते हुए एक आदर्श पुलिस अधिकारी के रूप में अपने आप को स्थापित करने की हिदायत देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) श्री सचिन मित्तल ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सीखने का एक अवसर बताते हुऐ इस समय का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह देते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपेक्षित कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नवीन कानूनों, मानक संचालन प्रक्रियाओं की जानकारी आदि अपेक्षित है।

6 सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव पदोन्नत अधिकारियों को नवीनतम कानूनों, संशोधनों, प्रक्रियाओं की जानकारी देने के साथ साथ संवेदनशील होकर कार्य करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं।



# अनुसूचित जाति एंव जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 पर एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 पर दिनांक 4.2.2022 को एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस ऑनलाईन कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारीगण ने भाग लिया। कार्यशाला में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रावधान, नवीनतम संशोधन, वित्तीय सहायता और उसके प्रावधान, प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर न्यायालय में सजा दिलाने तक पालन किये जाने वाले प्रावधान के तहत किये जाने वाले कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

## आबकारी निरीक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण

आबकारी विभाग में नव नियुक्त सहायक आबकारी अधिकारी (सामान्य शाखा एवं निवारक शाखा) एवं आबकरी निरीक्षकों को 8 सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिनांक 7.03.2022 से राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित किया गया इसमें कुल 38 अधिकारियों ने भाग लिया। 8 सप्ताह के व्यावहारिक प्रशिक्षण में आबकारी अधिकारियों को आबकारी नियमों ,दण्ड प्रक्रिया संहिता, एन.डी.पी.एस एक्ट, राजस्थान सेवा नियम, साक्ष्य अधिनियम, सी.सी.ए नियम, मालखाना निस्तारण इत्यादि के साथ साथ आउट डोर का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम





अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा महिलाओं के सम्मान में प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें अकादमी की समस्त महिलाओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीति चंद्रा उप महानिरीक्षक पुलिस अपराध मुख्यालय जयपुर एवं श्रीमती रिचा तोमर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) जयपुर आयुक्तालय द्वारा प्रतिभागियों को प्रेरणादायक उद्‌बोधन दिया साथ ही प्रतिभागियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति देकर सशक्तिकरण की मिसाल प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में दोनों ही अतिथियों ने अपने अपने जीवन व फील्ड के संस्मरणों के बारे में बताते हुऐ उनके समक्ष आई चुनौतियों के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा की। इस कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक आउट डोर श्रीमती सीमा हिंगोनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। महिला दिवस के उपलक्ष में कल्याण केन्द्र द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी के परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सेवा संकुल परिसर में निवास करने वाले बालकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बडी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी का महिला स्टॉफ, प्रशिक्षक एंव प्रशिक्षु उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षक व प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर हर्ष व उल्लास के साथ महिला दिवस मनाया गया।





# वार्षिक निरीक्षण व सम्पर्क सभा का आयोजन

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंव निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। संचित निरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री रमेश चन्द के नेतृत्व में सेरेमोनियल परेड द्वारा श्रीमान निदेशक महोदय को सलामी दी गई। श्रीमान निदेशक महोदय द्वारा अकादमी परिसर की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25.02.2022 को सम्पर्क सभा का आयोजन किया गया। निदेशक महोदय ने संस्थान की विभिन्न शाखाओं





की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके समाधान के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होने राजस्थान पुलिस अकादमी को देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी के दर्जे को बनाए रखने हेतु पूर्ण प्रतिबद्वता से कार्य करने का आह्वान किया।





# पुलिस निरीक्षकों का रिफ्रेशर कोर्स



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 07.02.2022 से 11.02.2022 तक पुलिस निरीक्षकों का रिफ्रेशर कोर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 22 पुलिस निरीक्षक ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने भूमि और राजस्व विवादों से संबंधित अपराधों की जांच डिजिटल साक्ष्य, फाइलें, हैश वैल्यू, फर्सट रिस्पॉन्डर, आईपी एड्रेस, ईमेल एनालिसिस, एफबी पर ब्लॉकिंग, सर्विस प्रोवाइडर्स, राइट ब्लॉकर्स का जानकारी दी। इसके साथ ही पॉक्सो अधिनियम और जांच, डी.एन.ए आदि में दोषी ठहराने से बचाव, बैकिंग धोखाधडी और कानूनी पहलुओं की जांच, एटीएम/ वॉलेट धोखाधडी की सावधानियों की जांच पर विस्तार से चर्चा की गई।

एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अनिवार्य प्रावधानों और अन्वेषण में क्या करे और क्या न करें, पम्प एक्शन गन, चिली पाउडर का उपयोग, कानून व्यवस्था की स्थितियों में हेलमेट का उपयोग, हैलमेट कैमरे का डेमो, सी.सी.टी.एन.एस और आई.सी.जे.एस आदि पर भी जानकारी दी गई।

संचार कौशल, सकारात्मक, दृष्टिकोण और टीम बिल्डिंग पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में श्री देशमुख परिस आई.पी. एस पुलिस अधीक्षक उत्तर जयपुर आयुक्तालय पधारे जिन्होनें प्रतिभागियों के साथ विभिन्न सामरिक मुद्दों पर पुलिस की भूमिका पर चर्चा की। मुख्य अतिथि द्वारा कोर्स पर चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



# अजमेर में बाल सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



दिनांक 10.03.2022 से 11.03.2022 तक राजस्थान पुलिस अकादमी व यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अजमेर में अजमेर रेंज स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण "पॉक्सो अधिनियम और अन्य यौन अपराध से संबंधित मोबाइल फोरेंसिक प्रशिक्षण " पर था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 51 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री रूपिन्दर सिंह, महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेंज में प्रतिभागियों को महिलाओं तथा बालकों से संबंधित मामलों में संवेदनशील होकर कार्य करने तथा विधिक प्रावधानो तथा प्रक्रियाओं की जानकारी से अद्यतन रहने की बात कही। कार्यक्रम में श्री आर.एस शर्मा अतिरिक्त निदेशक (रिटायर्ड) विधि विज्ञान प्रयोगशाला जयपुर ने प्रतिभागियों को यौन अपराधों और पॉक्सो मामलों से संबंधित तथा श्रीमती अंजली शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अजमेर ने बच्चों के खिलाफ अपराध और पॉक्सो अधिनियम में नवीनतम संशोधन 2012, बाल संरक्षण के लिए काम कर रही अन्य एजेंसियों की भूमिका के बारे में बताया।





# होली स्नेह मिलन समारोह





दिनांक 16 मार्च 2022 को राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित मल्टीपर्पज हाल में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस स्नेह मिलन समारोह में आर. पी.ए निदेशक श्री राजीव शर्मा व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। श्रीमान निदेशक महोदय ने सभी को होली की शुभकामनाऐं दी। अकादमी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाऐं दी।

# ट्रांसजेन्डर की सुरक्षा एवम अधिकार





राजस्थान पुलिस अकादमी में 3 फरवरी 2022 को ट्रांसजेन्डर की सुरक्षा एवं अधिकारों पर प्रतिभागियों में संवेदनशीलता एवम् जागरूकता लाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से पुलिस निरीक्षक व उपनिरीक्षक स्तर के कुल 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# राजस्थान पुलिस अकादमी में खेल सप्ताह का आयोजन



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 25.3.2022 से 29.3.2022 तक खेल सप्ताह का आयोजन किया गया। उक्त खेल सप्ताह में आबकारी विभाग के प्रशिक्षु अधिकारियों, उप निरीक्षक प्रशिक्षुओं तथा रिक्रुट कॉनिस्टेबलों ने भाग लिया। खेल सप्ताह का शुभारम्भ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान भूपेन्द्र यादव जी द्वारा किया गया। खेल सप्ताह के दौरान वॉलीबाल, बॉस्केट बॉल, दौड आदि खेलों की प्रतियोगिता हुई। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पूरे जोश से भाग लिया। खेल सप्ताह का समापन निदेशक महोदय श्री राजीव शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उन्होनें प्रशिक्षुओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने तथा खेलों के दौरान दिखाये गए सहयोग के भाव को आत्मसात करने का आह्वान किया तथा विजेता टीमों तथा खिलाडियों को पुरस्कृत किया।





# सेवानिवृति समारोह

## श्री लक्ष्मण सिंह

कुक के 33 वर्षीय सेवा काल उपरांत स्वैच्छिक सेवानिवृति पर राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्माएवं समस्त स्टाफ ने उन्हें सेवानिवृति के अवसर पर शुभकामनाऐं प्रेषित की।





## श्री अरूण कुमार जी

(वरिष्ठ सहायक ) के सेवानिवृति कार्यक्रम के उपलक्ष में निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी श्री राजीव शर्मा एवं समस्त आर.पी.ए स्टाफ द्वारा समारोह का अयोजन कर विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री अरूण कुमार ने राजस्थान पुलिस अकादमी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## श्री कैलाश शर्मा

सहायक उप निरीक्षक के सेवानिवृति पर राजस्थान पुलिस अकादमी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री कैलाश शर्मा ने अपने सेवाकाल के दौरान अकादमी में पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारी गणों के द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के अतिरिक्त निदेशक श्री कैलाश चन्द एवं सहायक निदेशक श्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए बधाई दी एवं आगामी जीवन के लिए उन्हें व उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के इस अवसर पर बडी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# परिसीमा काल के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय

## धारा 167 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत 60/90 दिन में चालान पेश करने के संबंध में परिसीमा काल

एस.बी क्रिमिनल मिस. पिटिशन 4266/22 प्रहलाद बनाम राजस्थान राज्य माननीय न्यायाधीश विनित कुमार माथुर। इस प्रकरण में न्यायालय के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न विचारणीय यह था कि धारा 167 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में विहित 60/90 दिन की अवधि में आरोप–पत्र प्रस्तुत करना होता है, यदि ऐसे 60/90 दिन की अवधि के अंतिम दिन न्यायालय में अवकाश हो तो क्या परिसीमा काल का विस्तारण न्यायालय के खुलने के दिन तक होगा। माननीय न्यायालय ने अवधारित किया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अध्याय 36 में जो परिसीमा काल एवं उसके सिद्वान्त विहित किये गये है वे धारा 167 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के लिए विहित अवधि 60 अथवा 90 दिन में लागू नही होंगे। यदि उक्त अवधि 60 अथवा 90 दिन के अंतिम दिन न्यायालय बंद हो ओर आरोपपत्र प्रस्तुत नही किया गया है तो परिसीमा काल में वृद्धि नही होगी। अभियुक्त को चूक जमानत (Default Bail) प्राप्त करने का अधिकार उत्पन्न हो जाएगा।

## धारा 468 दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत अपराध के संज्ञान के संबंध में परिसीमा काल

माननीय उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी व विक्रम नाथ ने प्रकरण अमृत लाल बनाम शांतिलाल सोनी एंव अन्य में कहा है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 468 के तहत परिसीमा की अवधि की गणना के उद्देश्य से संबंधित तारीख शिकायत दर्ज करने की तारीख अभियोजन की स्थापना की तारीख है, न कि जिस तारीख को मजिस्ट्रेट अपराध का संज्ञान लेता है। धारा 468 दण्ड प्रक्रिया संहिता अवधि समाप्त हो जाने के बाद संज्ञान से संबंधित है। इस मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने सारा मैथ्यू के मामले का हवाला देकर बताया है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 468 विभिन्न आपराधिक प्रकरणों की परिसीमा काल का अवधारण करने के साथ ही यह भी अवधारित करती है कि इस धारा में विहित परिसीमा काल की समाप्ति के पश्चात संज्ञान नही लिया जाएगा। यदि मामला न्यायालय में परिवाद के द्वारा संस्थित है तो परिवाद संस्थित करने की दिनांक से तथा राज्य के विरूद्व अपराधों के मामलों में अभियोजन की स्थापना की दिनांक से परिसीमा की गणना होगी।

## राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर
## समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 31.03.2022 तक

| क्र.स | कोर्स का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या |
|---|---|---|
| 1. | IPS (Prob.) Basic Training, Batch 73 RR | 04 |
| 2. | S.I.(Prob.) Basic Training, Batch-482 | 07 |
| 3. | S.I.(Prob.) Basic Training, Batch-49 | 04 |
| 4. | Basic Course of Male/Female **Constable Recruits** Batch No. 90 | 88 |
| 5. | Basic Course of Male/Female **Constable Recruits** (Band) Batch No. 91 | 02 |
| 6. | Basic Course of Male/Female **Constable Recruits** Batch No. 92 | 190 |
| | **Total** | **495** |

## पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 31.03.2022 तक

| क्र.स | कोर्स का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या |
|---|---|---|
| 1. | PCC for Constable to Head Constable (Band) Batch No. 13 | 06 |

## विशिष्ठ प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 01.01.2022 से दिनांक 31.03.2022 तक

| क्र.स | कोर्स का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Five-day training course on **"Working of Adarsh Police Station"** was organized for Sub-Inspectors to Inspectors | 128 |
| 2. | Three-day training Programme of "Cyber Crime Awareness **for LEA**" (CCPWC) was organized for Sub-Inspectors to Inspectors | 44 |
| 3. | Three-day training Programme of **"Investigation of Cases under POCSO Act 2012** For Sub-Inspector to Dy.SP | 97 |
| 4. | Five-day training course on **"Investigation on women's safety"** was organized for Sub-Inspectors to Dy.SP | 91 |
| 5. | Three-day training Programme on **"Police and prosecution Officers on POCSO Act 2012 Cases"** was organized for Sub-Inspectors to Dy.SP | 76 |
| 6. | Three-day training Programme on **"Cyber Crime awareness for Police Officers"** (CCPWC)was organized for Sub-Inspectors to Inspectors | 62 |
| 7. | Five-day training Programme on **"Cyber Crime awareness** for Police Officers"(CCPWC) was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 60 |
| 8. | One day training Programme on **"Police Welfair Scheme Awarness Course (PM&W)"** | 100 |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | One day training Programme on "Webinar On Crime **against Children, Violence against Children** "was organized for Sub-Inspectors to Inspectors | 120 |
| 10. | Five-day training Programme on **" Cyber Crime Investigation For Police Officers"** was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 84 |
| 11. | One day training Programme on **"Sensitization Programme on Transgenders 'Rights and Safety For Police Officers"** was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 37 |
| 12. | One day Online training Programme on **" SC/ST Prevention Of Atrocities Act 1989"** was organized for Dy.S.P. to S.P. (Online) | 310 |
| 13. | Four-day training Programme on "Improvement in Police Behaviour" was organized for Sub -Inspectors to Inspectors | 25 |
| 14. | Five-day training Programme on **"Refresher Course for Police Inspectors"** was organized for Inspectors | 22 |
| 15. | Five-day training course on **"Training of Prosecuters on Women`s Safety"** was organized for Sub-Inspectors Dy.SP | 33 |
| 16. | One day Online training Programme on **"Cyber Crime for "Cyber Crime Cell and SIUCAW"** (Online) (UNICEF) was organized for HC to RPS, | 28 |
| 17 | One Day Online Training of **"Awareness Generation for Drug Abuse Prevention (Online)"** was organized for ASI to IPS, | 57 |
| 18. | One Day Online Training Programme On **"Child Protection related issues for CWPO'S "** was organized for to ASI to Sub-Inspector | 333 |
| 19. | Six day training programme on **"course on investigation of organized crime** "was organized for sub- inspectors to Dysp | 30 |
| 20. | Three day training programme on **"stress free living was organized for sub- inspectors to Dysp"** | 26 |
| 21. | Two day training programme on **"Range level training on Mobile forensic relating to offences under POCSO Act. And other Sexual offences**" was organized for ASI to Addi.S.P | 50 |
| 22. | Two day training programme on **"Capacity building programme on drug abuse prevention for police functionaries**" was organized for ASI to SI | 22 |
| 23. | Three day training programme on **"Training on road safety management"** was organized for sub- inspectors to Dysp | 33 |
| 24. | On day training programme on " TOT on HIV/AIDS " was organized for Constable to Dysp | 75 |
| 25. | Three day training programme on **" Cyber crime and Cyber law awareness course for judicial officers and public prosecutors officers (CCPWC)** "was organized for sub- inspectors Inspector to judge | 29 |
| 26. | One day training programme on **"National consultation on successful police practices on capacity building concerning chidren rights (online) (UNISEF)** | 50 |
| | **Total** | **2052** |




**Editorial Board**

**Editor in Chief**
Rajeev Sharma, IPS, Director

**Editor**
Dheeraj Verma, Inspector

**Members**
Sh. Kailash Chandra, DIG
Sh. Bhupendra Yadav, AD
Sh. Rewant Dan, AD
Sh. Anil Rao, AD
Sh. Saurabh Kothari, AD
Smt. Seema Hingonia, AD
Sh. Yogendra Fojdar, AD
Smt. Saroj Kumawat, SI

Photograph by : Sagar
Typing by : Makhni Devi

**Rajasthan Police Academy**
Nehru Nagar, Jaipur (Rajasthan) India
Ph. : +91-141-2302131, 2303222, Fax : 0141-2301878
E-mail : dirrpa@gmail.com Web : www.rpa.rajasthan.gov.in

Premier # 0141-2295097